3. इस आदेश की कोई भी बात भूमि, समुद्र या वायु-मार्ग द्वारा सामान्य नमक के नमूनों के भावी क्रेताओं को किए गए निर्यात पर लागू नहीं होगी, परन्तु यह तब जब कि परेषण का पोत-पर्यन्त निःशुल्क मूल्य 100 रु० से अधिक न हो।

4. इस आदेश में 'सामान्य नमक' से समुद्र के लवण-जल से, खोदे हुए कुएं के लवण-जल से, झील के लवण-जल से अपरिष्कृत या परिष्कृत रूप में प्राप्त नमक अभिप्रेत है।

उपाबन्ध—I

निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 17 के अधीन बनाए जाने वाले प्रस्तावित नियमों का प्रारूप।

1. संक्षिप्त नाम तथा प्रारूप.—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम सामान्य नमक निर्यात (निरीक्षण) नियम, 1976 है।

(2) ये . को प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं:—इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो।

(क) 'अधिनियम' से निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) अभिप्रेत है ;

(ख) 'अभिकरण' से अधिनियम की धारा 7 के अन्तर्गत मान्य निरीक्षण अभिकरणों में से कोई एक अभिप्रेत है ;

(ग) 'परिषद्' से अधिनियम की धारा 3 के अधीन स्थापित निर्यात निरीक्षण परिषद् अभिप्रेत है ,

(घ) 'सामान्य नमक' से समुद्र के लवण जल से, खोदे हुए कुएं के लवण-जल से, झील के लवण-जल से या तो अपरिष्कृत रूप मे या परिष्कृत रूप में प्राप्त नमक अभिप्रेत है।

3 निरीक्षण का आधार.—सामान्य नमक का निरीक्षण यह सुनिश्चित करने के विचार से किया जाएगा कि उसकी क्वालिटी अधिनियम की धारा 6 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा मान्य विनिर्देशों के अनुरूप है।

4. निरीक्षण की प्रक्रिया.—(1) सामान्य नमक का निर्यात करने की वाछा रखने वाला निर्यात-कर्ता अपने ऐसा करने के आशय की सूचना अभिकरण को लिखित रूप में देगा और ऐसी सूचना के साथ निर्यात-संविदा की एक प्रति अभिकरण के निकटतम कार्यालय में देगा ताकि वह नियम 3 के अनुसार निरीक्षण कर सके।

(2) उप-नियम (1) के अधीन प्रत्येक सूचना पोत-लदान की प्रत्याशित तारीख से कम से कम बीस दिन पहले दी जाएगी।

(3) उप-नियम (2) के अधीन प्रत्येक सूचना के प्राप्त होने पर अभिकरण, नियम 3 और परिषद् द्वारा समय-समय पर दिए गए अनुदेशों के अनुसार निरीक्षण करेगा।

(4) निरीक्षण के पश्चात् यदि अभिकरण का समाधान हो जाता है कि निर्यात किए जाने वाले सामान्य नमक का परेषण, नियम 3 की अपेक्षाओं के अनुरूप है, तो वह उप-नियम (2) के अधीन सूचना के प्राप्त होने के बीस दिन के भीतर परेषण को निर्यात-योग्य घोषित करते हुए निर्यात कर्ता को एक प्रमाण-पत्र देगा ; परन्तु जहां अभिकरण का इस प्रकार का समाधान नहीं होता है वहां वह उक्त बीस दिन की अवधि के भीतर ऐसा प्रमाण पत्र जारी करने से इंकार करेगा और इंकार किए जाने की सूचना उसके कारणों सहित निर्यात-कर्ता को देगा।

5 निरीक्षण का स्थान:—इन नियमों के अधीन प्रत्येक निरीक्षण या तो विनिर्माता के परिसर पर या उस परिसर पर, जहां निर्यात-कर्ता द्वारा माल प्रस्तुत किया जाता है, किया जायेगा परन्तु यह जब जबकि वहां पर इस प्रयोजन के लिए पर्याप्त सुविधाएं विद्यमान हों। ऐसे सामान्य नमक का विश्लेषण अभिकरण की प्रयोगशाला में किया जाएगा।

6. अपील.—(1) नियम 4 के उप-नियम (4) के अधीन प्रमाण-पत्र देने से अभिकरण द्वारा इंकार किए जाने से व्यथित कोई व्यक्ति, इस प्रकार इंकार किए जाने की सूचना के उसे प्राप्त होने से दस दिन के भीतर, इस प्रयोजन के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा नियुक्त किए गए

विशेषज्ञों के ऐसे पेनल को जिसमें कम से कम तीन और अधिक से अधिक सात व्यक्ति होंगे, अपील कर सकेगा ।

(2) ऐसे विशेषज्ञों के पेनल की कुल सदस्य संख्या के कम से कम दो-तिहाई सदस्य गैर-सरकारी होंगे ।

(3) पैनल की गणपूर्ति तीन की होगी ।

(4) अपील का निपटारा उसके प्राप्त होने के 15 दिन के भीतर कर दिया जाएगा ।

उपाबंध- II

सामान्य नमक के लिए विनिर्देश

[पैरा 2 का उप-पैरा (2) देखिए]

(क) खाद्य सामान्य नमक :

खाद्य सामान्य नमक संविदात्मक विनिर्देशों के अनुसार होगा, परन्तु यह तब जबकि वे उस खाद्य नमक के स्तर से, जो उस विशिष्ट समय में समय-समय पर यथा संशोधित खाद्य अपमिश्रण निवारण नियम, 1955 और उसके अधीन जारी किए गए अनुदेशों के अन्तर्गत विहित किया गया है, निम्न स्तर के नहीं है । तथापि, यदि आयात करने वाले देश के खाद्य सामान्य नमक की बाबत कानूनी विनिर्देश खाद्य अपमिश्रण निवारण नियम, 1955 के अधीन विहित विनिर्देशों से अधिक कठोर हों, तो पूर्व कथित विनिर्देश निर्यात के लिए निरीक्षण का आधार होंगे ।

(ख) औद्योगिक प्रयोजन के लिए सामान्य नमक :

औद्योगिक प्रयोजन के लिए सामान्य नमक नीचे सारणी में दी गई अपेक्षाओं के न्यूनतम के अधीन रहते हुए संविदात्मक विनिर्देशों के अनुसार होगा ।

सारणी

क्रम सं०	विशेषताएं	अपेक्षाएं
1	2	3
(1)	शुष्क दशा में, सोडियम क्लोराइड (अर्थात् एन ए सी एल) का भार के आधार पर न्यूनतम प्रतिशत . .	98.5%
(2)	शुष्क दशा में, सोडियम क्लोराइड के अतिरिक्त पानी में घुलनशील और अघुलनशील पदार्थ (अर्थात् एन ए सी एल) का भार के आधार पर अधिकतम प्रतिशत	1.5%
(3)	भार के आधार पर आर्द्रता अधिकतम प्रतिशत	
	(क) 1 जनवरी से 30 जून तक की अवधि के दौरान	3.5%
	(ख) 1 जुलाई से 31 दिसम्बर तक की अवधि के दौरान	4.0%

[सं० 6(5)/75-नि०नि०तथा शु० सं०]

ORDER

S.O. 2239.—Whereas, in exercise of the powers conferred by section 6 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963), the Central Government is of opinion that it is necessary and expedient so to do for the development of the export trade of India, that common salt should be subject to quality control and inspection prior to export;

And whereas the Central Government has formulated the proposals specified below for the said purpose and has forwarded the same to the Export Inspection Council, as required by sub-rule (2) of rule 11 of the Export (Quality Control and Inspection) Rules, 1964;

Now, therefore, in pursuance of the said sub-rule, and in supersession of the Order of the Government of India in the Ministry of Commerce, No. S.O. 783 dated the 23rd March, 1974, the Central Government hereby publishes the said proposals for the information of the public likely to be affected thereby.

2. Notice is hereby given that any person desiring to forward any objections or suggestions with respect to the said proposals may forward the same within thirty days of the date of publication of this Order in the official Gazette to the Export Inspection Council, World Trade Centre, 14/1B, Ezra Street (7th floor), Calcutta-1.

PROPOSALS

(1) To notify that common salt shall be subject to quality control and inspection prior to export;

(2) to recognise—

(a) the specifications for common salt as set out in Annexure II to this Order as the standard specifications for common salt;

(b) the specifications which may be stipulated for common salt in the export contract concerned, between the buyer and the exporter provided that such specifications do not fall below the specifications set out in the said Annexure

(3) to specify the type of quality control and inspection in accordance with the Export of Common Salt (Quality Control and Inspection) Rules, 1976, as the type of quality control and inspection which shall be applied to such Common Salt;

(4) to prohibit the export, in the course of international trade of such common salt unless the same is accompanied by a certificate issued by an Inspection Agency, recognised by the Central Government under section 7 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963), to the effect that the common salt is exportworthy.

3. Nothing in this Order shall apply to the export of samples of common salt to the prospective buyers by land, sea or air provided that the f.o.b. value of the consignment does not exceed rupees one hundred.

4. In this Order common salt shall mean salt obtained from sea-brine, borewell-brine, lake-brine either in the crude or refined form.

ANNEXURE I

Draft rules proposed to be made under section 17 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963)

1. Short title and commencement.—(1) These rules may be called the Export of Common Salt (Quality Control and Inspection) Rules, 1976.

(2) They shall come into force on.....

2. Definitions.—In these rules, unless the context otherwise requires,—

(a) "Act" means the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963);

(b) "Agency" means the Inspection Agency recognised under section 7 of the Act;

(c) "Council" means the Export Inspection Council, established under section 3 of the Act;

(d) "Common Salt" means the salt obtained from sea-brine, borewell-brine, lake-brine either in crude or refined form.

3. Basis of Inspection: Inspection of common salt shall be carried out with a view to ensuring that the quality of the same conforms to the specifications recognised by the Central Government under section 6 of the Act.

4. Procedure of inspection.—(1) The exporter intending to export common salt give intimation in writing of his intention to do so to the Agency and submit alongwith such intimation a copy of the export contract to the nearest office of the Agency to enable it to carry out the inspection in accordance with rule 3.

(2) Every intimation under sub-rule (1) shall be given not less than twenty days before the expected date of shipment.

(3) On receipt of the intimation under sub-rule (2), the Agency shall carry out the inspection in accordance with rule 3 and instructions issued by the Council from time to time.

(4) If after the inspection, the Agency is satisfied that the consignment of common salt to be exported complies with the requirements of rule 3, it shall, within twenty days of the receipt of the intimation under sub-rule (2), issue a certificate to the exporter declaring the consignment as export-worthy :

Provided that where the Agency is not so satisfied, it shall within the said period of twenty days refuse to issue such certificate and communicate such refusal to the exporter alongwith the reasons therefor.

5. Place of inspection.—Every inspection under these rules shall be carried out either at the premises of the manufacturer or at the premises at which the goods are offered by the exporter provided adequate facilities for the purpose exist therein. The analysis of such common salt shall be conducted at the laboratory of the Agency.

6. Appeal.—(1) Any person aggrieved by the refusal of the inspection Agency to issue a certificate under sub-rule (4) of rule 4 may within ten days of receipt of the communication of such refusal by him, prefer an appeal to a panel of not less than three but not more than seven such experts as may be appointed for the purpose by the Central Government.

(2) At least two-thirds of the total membership of the panel of experts shall consist of non-officials.

(3) The quorum for the panel shall be three.

(4) The appeal shall be disposed of within fifteen days of its receipt.

ANNEXURE II

SPECIFICATIONS FOR COMMON SALT

[See sub-paragraph (2) of paragraph 2]

(a) Edible common salt.—The edible common salt shall be as per contractual specifications provided that the same are not below the standard of edible salt which at that specific time is prescribed under the Prevention of Food Adulteration Rules, 1955 as amended from time to time and instructions issued thereunder. However, in case, the statutory specifications for edible common salt of the importing country are more stringent than those prescribed under the Prevention of Food Adulteration Rules, 1955, the former would form the basis of inspection for export.

(b) Common Salt for Industrial purposes.—The common salt for industrial purpose shall be as per the contractual specification subject to the minimum of the requirements given in the Table below :

TABLE

Sl. No	Characteristics	Requirements
(i)	Sodium chloride (as Nacl) per cent by weight, on dry basis, Min	98.5%
(ii)	Matter soluble and insoluble in water other sodium chloride (as Nacl), per cent by weight, on dry basis, Max	1.5%
(iii)	Moisture, per cent by weight, Max—	
(a)	during the period from Ist January to 30th June	3.5%
(b)	During the period from Ist July to 31st December.	4.0%

[No. 6(5)/75/DI & EP]

आदेश

का० आ० 2240--केन्द्रीय सरकार की राय है कि निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत के निर्यात व्यापार के विकास के लिये ऐसा करना आवश्यक तथा समीचीन है कि शक्ति परिणामित्रों का निर्यात से पूर्व क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण किया जाए;

और केन्द्रीय सरकार ने उक्त प्रयोजन के लिए नीचे विनिर्दिष्ट प्रस्ताव बनाए हैं और उन्हें निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1964 के नियम 11 के उप-नियम (2) की अपेक्षानुसार निर्यात निरीक्षण परिषद् को भेज दिया है;

अत, अब केन्द्रीय सरकार उक्त उप-नियम के अनुसरण में उक्त प्रस्तावों को उन लोगों की जानकारी के लिए प्रकाशित करती है जिनके उनसे प्रभावित होने की संभावना है।

2 सूचना दी जाती है कि यदि कोई व्यक्ति उक्त प्रस्तावों के बारे में कोई आक्षेप या सुझाव देना चाहे, तो वह उन्हें इस आदेश के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से तीस दिन के भीतर, निर्यात निरीक्षण परिषद् 'वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर' 14/1-बी, एजरा स्ट्रीट, आठवीं मंजिल, कलकत्ता-700001 को भेज सकेगा।

प्रस्ताव

(1) यह अधिसूचित करना कि शक्ति परिणामित्रों का निर्यात से पूर्व क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण किया जायेगा।

(2) इस आदेश के उपाबन्ध में दिये गये शक्ति परिणामित्रों निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1976 के प्रारूप के अनुसार क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के प्रकार को, क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के उस प्रकार के रूप में विनिर्दिष्ट करना जो निर्यात से पूर्व ऐसे शक्ति परिणामित्रों को लागू किया जायेगा;

(3) शक्ति परिणामित्रों के लिए भारतीय या अन्य राष्ट्रीय मानकों को मान्यता देना;

(4) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के दौरान ऐसे शक्ति परिणामित्रों के निर्यात को तब तक प्रतिषिद्ध करना जब तक उनके साथ निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 7 के अधीन स्थापित निर्यात निरीक्षण अभिकरणों में से किसी एक द्वारा जारी किया गया इस आशय का प्रमाण-पत्र न हो कि शक्ति परिणामित्रों का परीक्षण इसकी क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण से संबंधित शर्तों को पूरा करता है तथा वह निर्यात-योग्य है।

3 इस आदेश में 'शक्ति परिणामित्र' से लगातार चलने वाले पुर्जों से रहित एक ऐसा उपकरण अभिप्रेत है जो एक कुण्डलन में प्रत्यावर्ती वोल्टता एवं धारा का विद्युत-चुम्बकीय प्रेरण द्वारा उसी आवृत्ति पर तथा सामान्यत वोल्टता एवं धारा के विभिन्न मानों पर एक या अनेक कुण्डलों में परिवर्तित कर देता है।

इसमें एकल फेज के लिये 1 के वी ए तथा अधिक के एवं त्रिफेज प्रचालन के लिये 25 के० वी० ए० तथा अधिक के परिणामित्र और वितरण परिणामित्र सम्मिलित होंगे परन्तु निम्नलिखित सम्मिलित नहीं होंगे।

(क) मोटर प्रवर्तक परिणामित्र

(ख) खनन परिणामित्र

(ग) वेल्डन परिणामित्र

(घ) जांच परिणामित्र

(ङ) भूसंकित परिणामित्र

(च) एक्सरे परिणामित्र
(छ) रिऐक्टर
(ज) भट्टी प्रकार के परिणामित्र
(झ) बूस्टर परिणामित्र, तथा
(ञ) परिणामित्रों के अन्य विशिष्ट प्रकार।

उपाबन्ध

निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 17 के अन्तर्गत बनाये जाने के लिये प्रस्तावित नियमों का प्रारूप।

1. संक्षिप्त नाम तथा प्रारम्भ.—इन नियमों का नाम संक्षिप्त नाम शक्ति परिणामित्र निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1976 है।

2. परिभाषाएं: इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो:--

(क) 'अधिनियम' से निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) अभिप्रेत है;

(ख) 'अभिकरण' से अधिनियम की धारा 7 के अधीन कोचीन, मद्रास, कलकत्ता, बम्बई या दिल्ली में केन्द्रीय सरकार द्वारा स्थापित निर्यात निरीक्षण अभिकरणों में से कोई एक अभिकरण अभिप्रेत है;

(ग) इस आदेश में 'शक्ति परिणामित्रों' से लगातार चलने वाले पुर्जों से रहित एक ऐसा उपकरण अभिप्रेत है जो एक कुण्डलन में प्रत्यावर्ती वोल्टता एवं धारा का विद्युत-चुम्बकीय प्रेरण द्वारा उसी आवृत्ति पर तथा सामान्यत: वोल्टता एवं धारा के विभिन्न मानों पर एक या अनेक कुण्डलनों में परिवर्तित कर देता है।

इसमें एकल फेज के लिये 1 के०वी०ए० तथा अधिक के एवं बहुफेज प्रचालन के लिये 25 के०वी०ए० तथा अधिक के परिणामित्र और वितरण परिणामित्र सम्मिलित होंगे, परन्तु निम्नलिखित सम्मिलित नहीं होंगे:

(क) मोटर प्रवर्तक परिणामित्र
(ख) खनन परिणामित्र
(ग) वेल्डन परिणामित्र
(घ) जांच परिणामित्र
(ङ) भू-संपर्कित परिणामित्र
(च) एक्स-रे परिणामित्र
(छ) रिऐक्टर
(ज) भट्टी प्रकार के परिणामित्र
(झ) बूस्टर परिणामित्र
(ञ) परिणामित्रों के अन्य विशिष्ट प्रकार

3. विनिर्माता का अनुभवी होना.--शक्ति परिणामित्रों के डिजाइन तथा उत्पादन के कार्य का विनिर्माता को पर्याप्त अनुभव होगा। विनिर्माता का अनुभव तब पर्याप्त समझा जायेगा जब वह भारत के किसी भी विद्युत उपक्रम से यह प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने में समर्थ होगा कि उसने अपने द्वारा निर्यात किये जाने वाले उसी या उससे अधिक कोटि के शक्ति परिणामित्रों का संतोषप्रद रूप में प्रदाय किया है।

4. क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण.--(1) शक्ति परिणामित्रों की क्वालिटी, इन नियमों से उपाबद्ध सारणी में विनिर्दिष्ट विनिर्माण के विभिन्न स्तरों पर नियंत्रणों का प्रयोग करके सुनिश्चित की जायेगी।

(2) उप-नियम (1) में निर्दिष्ट विनिर्माण के विभिन्न स्तरों पर निम्नलिखित नियंत्रण होंगे, अर्थात् :--

(i) खरीदी गई सामग्री तथा घटकों का नियंत्रण:

(क) प्रयुक्त किये जाने वाले सामान या घटकों के गुणधर्मों और सह्यताओं सहित उनकी विस्तृत विमाओं को समाविष्ट करते हुए, क्रय विनिर्देश, विनिर्माता द्वारा अधिकथित किये जायेंगे।

(ख) स्वीकृत परीक्षणों के साथ या तो उत्पादक का क्रय विनिर्देशों की पुष्टि करते हुए परख प्रमाण-पत्र होगा या ऐसे परख प्रमाण-पत्र के न होने पर प्रत्येक परेषण से नमूनों की परख क्रय विनिर्देशों से उनकी अनुरूपता की जांच करने के लिये नियमित रूप से की जाएगी। उत्पादक के परख प्रमाण-पत्रों की शुद्धता सत्यापित करने के लिये उनको पांच परेषणों में कम से कम एक बार प्रति जांच की जायेगी।

(ग) आने वाले परेषणों की सांख्यिकीय नमूना योजना के अनुसार क्रय विनिर्देशों से अनुरूपता सुनिश्चित करने के लिये निरीक्षण और परख की जायेगी।

(घ) निरीक्षण और परखों के किये जाने के पश्चात् दोषपूर्ण नगों के उचित पृथक्करण और निपटान के लिये व्यवस्थित पद्धति अपनाई जायेगी।

(ङ) उपर्युक्त नियंत्रणों के संबंध में पर्याप्त अभिलेख व्यवस्थित रूप से रखे जायेंगे।

(ii) प्रक्रिया नियंत्रण:

(क) विनिर्माण की विधि प्रक्रियाओं के लिये विनिर्माताओं द्वारा विस्तृत प्रक्रिया विनिर्देश अधिकथित किये जायेंगे।

(ख) प्रक्रिया विनिर्देशों में अधिकथित को गई प्रक्रियाओं के नियंत्रण के लिये उपस्करों/माध्यमों की पर्याप्त सुविधाएं होंगी।

(ग) विनिर्माण की प्रक्रिया के दौरान, प्रयुक्त नियंत्रणों के सत्यापन को सुलभ बनाने के लिए पर्याप्त अभिलेख रखे जायेंगे।

(iii) उत्पादन नियंत्रण:

(क) विनिर्माता के पास मानक विनिर्देशों के अनुसार, उत्पादन को परख करने के लिए या तो स्वयं अपनी परख सुविधाएं होंगी या जहां ऐसी परख सुविधायें हों वहां उसकी पहुंच होगी। इसके लिये पर्याप्त अभिलेख रखे जायेंगे।

(ख) प्रत्येक समाहार की निर्धारित निरीक्षण जांच सूची के अनुसार जांच की जाएगी।

(4) मौसम संबंधी नियंत्रण:

उत्पाद तथा निरीक्षण में प्रयुक्त मापकों और उपकरणों को कालिक जांच या अंशशोधन किया जायेगा और वृत्तकार्ड के रूप में अभिलेख रखे जायेंगे।

5. निरीक्षण का आधार.--निर्यात के लिये आशयित शक्ति परिणामित्रों का निरीक्षण यह देखने के विचार से किया जायेगा कि उपर्युक्त नियंत्रणों का सुसंगत स्तरों पर समाधान पूर्ण रीति से प्रयोग किया गया है, तथा शक्ति परिणामित्र मानक विनिर्देशों के अनुरूप हैं।

6. निरीक्षण की प्रक्रिया: (1) शक्ति परिणामित्रों के परेषण का निर्यात करने का इच्छुक निर्यात-कर्ता, संविदात्मक विनिर्देशों का ब्यौरा उपदर्शित करते हुए अभिकरण को लिखित रूप में सूचना देगा तथा ऐसी सूचना के साथ ऐसी घोषणा भी करेगा कि निर्यात के लिये आशयित शक्ति परिणामित्रों का परेषण, नियम 4 में अधिकथित क्वालिटी नियंत्रणों का प्रयोग करके विनिर्मित किया गया है तथा परेषण इस प्रयोजन के लिये मान्य विनिर्देश की अपेक्षाओं के अनुरूप है। निर्यात-कर्ता, उसी समय ऐसी सूचना की एक प्रति निर्यात निरीक्षण परिषद् के निकटतम कार्यालय को पृष्ठांकित करेगा। परिषद् के पते निम्नलिखित हैं:—

मुख्य कार्यालय . . . निर्यात निरीक्षण परिषद्, 'वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर 14/1-बी, एजरा स्ट्रीट, आठवीं मंजिल, कलकत्ता-700001

क्षेत्रीय कार्यालय: . . 1. निर्यात निरीक्षण परिषद् अमन चैम्बर्स, पांचवीं मंजिल, 113, महर्षि कर्वे रोड, बम्बई-400004

2. निर्यात निरीक्षण परिषद्, मनोहर बिल्डिंग्स, महात्मा गांधी रोड, एर्नाकुलम, कोचीन-682011.

3. निर्यात निरीक्षण परिषद्, 13/37, पश्चिमी विस्तार क्षेत्र, आर्य समाज रोड, नई दिल्ली-110005.

(2) निर्यात-कर्त्ता परेषण पर लगाया गया पहचान चिन्ह भी अभिकरण को देगा।

(3) उप-नियम (1) के अधीन प्रत्येक सूचना तथा घोषणा, विनिर्माता के परिसर से परेषण के भेजे जाने से कम से कम दस दिन पहले अभिकरण के कार्यालय तथा निर्यात निरीक्षण परिषद् में पहुंचेगी।

(4) उप-नियम (1) तथा (2) के अधीन सूचना तथा घोषणा प्राप्त होने पर, अभिकरण, अपना यह समाधान कर लेने पर कि विनिर्माण के प्रक्रिया के दौरान, नियम 4 में दिये गये पर्याप्त क्वालिटी नियंत्रणों का प्रयोग किया गया है तथा इस संबंध में निर्यात निरीक्षण परिषद् द्वारा जारी किये गये अनुदेशों, यदि कोई हों, का पालन किया गया है, परेषण की मान्य विनिर्देशों से अनुरूपता सुनिश्चित करने के लिये शक्ति परिणामित्रों का निरीक्षण करेगा तथा निर्यात-कर्त्ता अभिकरण को ऐसा निरीक्षण करने के लिये सभी आवश्यक सुविधायें देगा।

(5) निरीक्षण की समाप्ति के पश्चात्, अभिकरण तुरन्त शक्ति परिणामित्रों के परेषण को ऐसी रीति में मोहर-बंद करेगा कि यह सुनिश्चित हो जाये कि मोहर-बंद किये गये माल को बिगाडा नहीं जा सकता। परेषण की अस्वीकृत की दशा में, यदि निर्यात-कर्त्ता की इच्छा हो तो परेषण अभिकरण द्वारा मोहर-बंद नहीं किया जायेगा। तथापि ऐसी दशा में, निर्यात-कर्त्ता अस्वीकृति के विरुद्ध अपील करने का हकदार नहीं होगा।

(6) यदि अभिकरण ने अपना यह समाधान कर लिया है कि शक्ति परिणामित्रों का परेषण मान्य विनिर्देशों की अपेक्षाओं के अनुरूप है, तो वह उप-नियम (3) के अन्तर्गत सूचना तथा घोषणा प्राप्त होने के दस दिन के भीतर, यह घोषणा करते हुए निर्यात करता को प्रमाण-पत्र दे देगा कि परेषण, क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण संबंधी शर्तों को पूरा करता है तथा वह निर्यात योग्य है :

परन्तु जहां अभिकरण का इस प्रकार का समाधान नहीं होता, वहां वह उक्त दस दिनों की अवधि के भीतर, ऐसा प्रमाण-पत्र देने से इंकार कर देगा तथा ऐसे इंकार किये जाने की सूचना, उसके कारणों सहित निर्यात-कर्त्ता को देगा।

7. निरीक्षण का स्थान—इन नियमों के अधीन निरीक्षण केवल विनिर्माता के परिसर पर ही किया जायेगा।

8. निरीक्षण फीस—100 रु० की न्यूनतम की सीमा में रहते हुए पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के 1 प्रतिशत की दर से फीस, निर्यात-कर्त्ता द्वारा अभिकरण को निरीक्षण फीस के रूप में संदत्त की जायेगी।

9. अपील—(1) नियम 6 के उप-नियम (6) के अधीन अभिकरण द्वारा प्रमाण-पत्र देने से इंकार करने से व्यथित कोई व्यक्ति, इस प्रकार उसके द्वारा इंकार किये जाने की सूचना प्राप्त होने से 10 दिन के भीतर केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रयोजन के लिये नियुक्त कम से कम तीन और सात से अनधिक व्यक्तियों के विशेषज्ञों के पैनल को अपील कर सकेगा।

(2) पैनल में, विशेषज्ञों के पैनल की कुल सदस्यता के कम से कम दो-तिहाई सदस्य गैर-सरकारी होंगे।

(3) पैनल की गणपूर्ति तीन की होगी।

(4) अपील, इसके प्राप्त होने के 15 दिन के भीतर निपटा दी जायेगी।

सारणी

नियंत्रण के स्तर

(नियम 4 देखिए)

क्रम सं०	निरीक्षण/परख की विशिष्टियां	अपेक्षाएं	नमूना आकार	लाट आकार
1.	खरीदी गई सामग्री तथा घटक			
(क)	दृष्टि निरीक्षण (कारीगरी तथा फिनिश सहित)	उस प्रयोजन के लिये मान्यता प्राप्त विनिर्देशों के अनुसार	प्रत्येक	—
(ख)	सहायता सहित विमायें—			
	(i) क्रांतिक	—यथोक्त—	प्रत्येक	—
	(ii) अन्य	—यथोक्त—	अभिलिखित अन्वेषण के आधार पर निश्चित किया जायेगा।	प्रत्येक लाट
(ग)	कोई अन्य अपेक्षा	—यथोक्त—	—यथोक्त—	—यथोक्त—
2.	पूर्ण समाहार			
(क)	कुण्डलन प्रतिरोधन का माप	उस प्रयोजन के लिये मान्यता प्राप्त मानक विनिर्देशों के अनुसार	—प्रत्येक—	—
(ख)	अनुपात, ध्रुवीयता तथा फेज संबंध	—यथोक्त—	—प्रत्येक—	—
(ग)	प्रतिबाधा वोल्टता	—यथोक्त—	—प्रत्येक—	—
(घ)	भार हानि	—यथोक्त—	—प्रत्येक—	—
(ङ)	शून्य भार हानि तथा शून्य भार धारा	—यथोक्त—	—प्रत्येक—	—
(च)	विद्युत्-रोधन प्रतिरोध	—यथोक्त—	—प्रत्येक—	—
(छ)	प्रति प्रेरित वोल्टता सहन परख	—यथोक्त—	—प्रत्येक—	—
(ज)	पृथक उद्गम वोल्टता	—यथोक्त—	—प्रत्येक—	—
(झ)	शून्य-भार पर वोल्टता अनुपात	—यथोक्त—	—प्रत्येक—	—
(ट)	ताप वृद्धि परख	—यथोक्त—	—एक—	प्रत्येक आकार, प्रकार तथा डिजाइन के 10 नग
(ठ)	आवेग वोल्टता सहन परख	—यथोक्त—	—एक—	12 महीनों में एक ही आकार, प्रकार तथा डिजाइन का उत्पादन
(ड)	बाह्य लघु-पथन दशाओं के अधीन कार्य	—यथोक्त—	—एक—	—यथोक्त—

[सं० 6(12)/75-नि०नि० तथा नि०उ०]

के० वी० बालसुब्रह्मणियम, उप-निदेशक

ORDER

S.O. 2240.—Whereas the Central Government is of opinion that, is exercise of the powers conferred by Section 6 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963), it is necessary and expedient so to do for the development of export trade of India that power transformers shall be subject to quality control and inspection prior to export;

And, whereas the Central Government has formulated the proposals specified below for the said purpose and has forwarded the same to the Export Inspection Council, as required by sub-rule (2) of rule 11 of the Export (Quality Control and Inspection) Rules, 1964;

Now, therefore, in pursuance of the said sub-rule, the Central Government hereby publishes the said proposals for the information of the public likely to be affected thereby.

2. Notice is hereby given that any person desiring to forward any objection or suggestion with respect to the said proposals may forward the same, within thirty days of the date of publication of this order in the Official Gazette, to the Export Inspection Council, 'World Trade Centre', 14/1B, Ezra Street, 7th floor, Calcutta-700001.

PROPOSALS

(1) To notify that power transformers shall be subject to quality control and inspection prior to export;

(2) To specify the type of quality control and inspection in accordance with the draft Export of Power Transformers (Quality Control and Inspection) Rules, 1976 set out in the Annexure to this Order as the type of quality control and inspection which would be applied to such power transformers prior to export;

(3) To recognise the Indian or any other national standard specification for power transformers;

(4) To prohibit the export, in the course of international trade of such power transformers unless the same is accompanied by a certificate issued by any of the Export Inspection Agencies established under Section 7 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963) to the effect that the consignment of power transformers satisfies the conditions relating to its quality control and inspection and is exportworthy.

3. In this order 'Power transformers' shall mean a piece of apparatus, without continuously moving parts, which by electromagnetic induction transforms alternating voltage and current in one winding into alterating voltage and current in one or more windings usually at different values of voltage and current and at the same frequency.

This shall include transformers of 1 KVA and above for single phase and 25 KVA and above for polyphase operation, and distribution transformers but shall not include :

(a) Motor-starting transformers,
(b) Mining transformers,
(c) Welding transformers,
(d) Testing transformers,
(e) Earthing transformers,
(f) X-ray transformers,
(g) Reactors,
(h) Furnace type transformers,
(j) Booster transformers, and
(k) Other special types of transformers.

ANNEXURE

[Draft rules proposed to be made under section 17 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963)].

1. Short title and commencement.—(1) These rules may be called the Export of Power Transformers (Quality Control and Inspection) Rules, 1976.

2. Definitions.—In these rules, unless the context otherwise required :—

(a) "Act" means the Export (Quality Control and Inspection), Act, 1963 (22 of 1963);

(b) "agency" means any one of the Export Inspection Agencies established by the Central Government at Cochin, Madras, Calcutta, Bombay or Delhi under section 7 of the Act;

(c) In this order "power transformers" shall mean a piece of apparatus, without continuously moving parts, which by electro-magnetic induction transforms alternating voltage and current in one winding into alternating voltage and current in one or more windings usually at different values of voltage and current and at the same frequency.

This shall include transformers of 1 KVA and above for single-phase and 25 KVA and above for polyphase operation, and distribution transformers but shall not include :

(a) Motor-starting transformers,
(b) Mining transformers,
(c) Welding transformers,
(d) Testing transformers,
(e) Earthing transformers,
(f) X-ray transformers.
(g) Reactors,
(h) Furnace type transformers,
(j) Booster transformers, and
(k) Other special types of transformers.

3. Manufacturer to be experienced.—The manufacturer shall have adequate experience in the design and production of power transformers. The experience shall be deemed adequate if the manufacturer is able to produce a certificate from any of the Electricity Undertakings in India that he has satisfactorily supplied the Power transformers of the same or higher ratings than that is being exported by him.

4. Quality Control and Inspection.—(1) The Quality of the power transformers shall be ensured by exercising the control at different stages of manufacture, specified in the Table annexed to these rules.

(2) The following shall be the controls at different stages of manufacture referred to in sub-rule (1), namely :-

(i) Bought out materials and components control :—

(a) Purchase specifications shall be laid down by the manufacturer incorporating the properties of materials or components to be used and the detailed dimensions thereof with tolerances.

(b) The accepted consignments shall be either accompanied by a producer's test certificate corroborating the requirement of the purchase specifications or in the absence of such test certificates, samples from each consignment shall be regularly tested to check up its conformity to the purchase specifications. The producer's test certificates shall be counter-checked at least once in the five consignments to verify the correctness.

(c) The incoming consignments shall be inspected and tested for ensuring conformity to purchase specifications against statistical sampling plan.

(d) After the inspection and tests are carried out systematic methods shall be adopted for proper segregation and disposal of defectives.

(e) Adequate records in respect of the above mentioned controls shall be systematically maintained.

(ii) Process Control :—

(a) Detailed process specifications shall be laid down by the manufacturers for various processes of manufacture.

(b) Equipment or instrumentation facilities shall be adequate to control the processes as laid down in the process specifications.

(c) Adequate records shall be maintained to enable the verification of the controls exercised during the process of manufacture.

(iii) Product Control :—

(a) The manufacturer shall either have his own testing facilities or shall have access to such testing facilities existing elsewhere to test the product as per the standard specification. Adequate records thereof shall be maintained.

(b) Each and every essembly shall be checked against a laid down inspection check list.

(iv) Metcorogical Control.—Gauges and instruments used in the production and inspection shall be periodically checked or calibrated and records shall be maintained in the form of a history card.

5. Basis of Inspection.—The inspection of power transformers intended for export shall be carried out with a view to seeing that the above mentioned controls have been exercised at the relevant levels satisfactorily and the power transformers conform to the standard specifications.

6. Procedure of inspection.—(1) The exporter intending to export a consignment of power transformers shall give intimation in writing to the agency indicating the details of the contractual specification and submit alongwith such intimation a declaration that the consignment of power transformers intended for export has been manufactured by exercising quality controls laid down in rule 4, and that the consignment conforms to the requirements of the specification recognised for this purpose. The exporter shall at the same time endorse a copy of such intimation to the nearest office of the Export Inspection Council. The addresses of the Council are as under :—

Head Office :—

Export Inspection Council, 'World Trade Centre' 14/1B, Ezra Street, 7th Floor, Calcutta-700001.

Regional Offices :—

1. Export Inspection Council, Aman Chambers, 4th Floor, 113, Maharshi Karve Road, Bombay-400004.

2. Export Inspection Council, Manohar Building, Mahatma Gandhi Road, Ernakulam, Cochin-682011.

3. Export Inspection Council, 13/37, W.E.A. Western Extension Area, Arya Samaj Road, Karol Bagh, New Delhi-110005.

(2) The exporter shall also furnish to the agency the identification marks applied on the consignment.

(3) Every intimation and declaration under sub-rule (1) shall reach the office of the agency and the Export Inspection Council not less than ten days prior to the despatch of the consignment from the premises of the manufacturer.

(4) On receipt of the intimation and declaration under sub-rules (1) and (2), the agency, on satisfying itself that during the process of manufacture, adequate quality controls as provided in rule 4 have been exercised and the instructions, if any, issued by the Export Inspection Council in this regard, have been observed, shall carry out the inspection of power transformers to ensure conformity of the consignment to the recognised specification and the exporter shall provide all necessary facilities to the agency to enable it to carry out such inspection.

(5) After completion of inspection, the agency shall immediately seal the consignment of power transformers in a manner as to ensure that the goods cannot be tampered with. In case of rejection of a consignment, if the exporter so desires, the consignment may not be sealed by the agency. In such case, however, the exporter shall not be entitled to prefer an appeal against the rejection.

(6) When the agency is satisfied that the consignment of power transformers complies with the requirements of the recognised specifications, it shall within ten days of the receipt of intimation and declaration under sub-rule (3), issue a certificate to the exporter declaring that the consignment satisfies the condition relating to quality control and inspection and is export-worthy :

Provided that where the agency is not so satisfied, it shall within the said period of ten days refuse to issue such certificate and communicate such refusal to the exporter along with the reasons therefor.

7. Place of inspection.—Inspection under these rules shall be carried out at the premises of the manufacturer only.

8. Inspection fee.—A fee at the rate of 1 per cent of f.o.b. value subject to a minimum of Rs. 100/- (Rupees one hundred) shall be paid by the exporter to the agency as inspection fee.

9. Appeal.—(1) Any person aggrieved by the refusal of the agency to issue a certificate under sub-rule (6) of rule 6, may, within ten days of the receipt of the communication of such refusal by him prefer an appeal to a panel of experts consisting of not less than 3 but not more than seven persons appointed for the purpose by the Central Government.

(2) The panel will consist of at least two-third of non-officials of the total membership of the panel of experts.

(3) The quorum for the panel shall be three.

(4) The appeal shall be disposed of within fifteen days of its receipt.

TABLE

LEVELS OF CONTROL

[See Rule 4]

Sl. No.	Particulars of inspection/test	Requirements	Sample size	Lot Size
1	2	3	4	5
I. Bought out materials and components				
	(a) Visual Inspection (including workmanship and finish)	As per standard specification recognised for the purpose	Each	—
	(b) Dimensions with tolerances—			
	(i) Critical	-do-	Each	—
	(ii) Others	-do-	To be fixed on the basis of recorded investigation	Each lot
	(c) Any other requirements . .	-do-	-do-	-do-

1	2	3	4	5
II. Completed Assembly				
(a) Measurements of winding resistance		As per standard specification recognised for the purposes.	Each	—
(b) Ratio, Polarity and phase relationship		-do-	Each	—
(c) Impedance voltage		-do-	Each	—
(d) Load Losses		-do-	Each	—
(e) No-load losses and no-load current		-do-	Each	—
(f) Insulation Resistance		-do-	Each	—
(g) Induced over voltage withstand test		-do-	Each	—
(h) Separate source voltage withstand		-do-	Each	—
(j) Voltage Ratio at no-load		-do-	Each	—
(k) Temperature rise test		-do-	One	Ten Nos. of each size, type & design.
(l) Impulse voltage withstand test		-do-	One	Production of one size type, design in 12 month.
(m) Performance under external short circuit conditions		-do-	One	-do-

[No. 6(12)/75/LI & EP]

K.V. BALASUBRAMANIAM, Dy. Director

(उप-मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात का कार्यालय)

आदेश

कानपुर, 11 नवम्बर, 1976

का०आ० 2241.—सर्वश्री देव-गण इन्डस्ट्रीज मुकन्द नगर, गाजियाबाद को गैर-निषेध गैर-प्रतिबंधित बाल बेयरिंग आदि के आयत के लिए निम्नलिखित लाइसेंस स्वीकृत किए गए थे :—

1. पी/एस/1763333 दिनांक 17-8-73 मूल्य 33959 रुपए
2. पी/एस/1763334 दिनांक 17-8-73 मूल्य 16989 रुपए
3. पी/एस/1763335 दिनांक 17-8-73 मूल्य 16979 रुपए
4. पी/एस/1763336 दिनांक 17-8-73 मूल्य 31601 रुपए
5. पी/एस/1763337 दिनांक 17-8-73 मूल्य 15750 रुपए
6. पी/एस/1763338 दिनांक 17-8-73 मूल्य 15750 रुपए

2. तत्पश्चात उन्हें एक कारण बताओ सूचना संख्या डी० सी० सी० आई० एंड ई०/डी-21/ए०एम-75/इन्फ/एन०बी०एन०आर/ए०यू०/कान/7006, दिनांक 13-2-75 यह पूछते हुए जारी की गई थी कि कारण बताओ सूचना की पावती से लेकर 15 दिनों के भीतर कारण बताएं कि उन के नाम में जारी किए गए उक्त लाइसेंसों को क्यों न रद्द कर दिया जाना चाहिए और उन्हें इस आधार पर कि वे भूल से जारी कर दिए गए थे। उन्हें उनके मामले में व्यक्तिगत सुनवाई के लिए दिनांक 28-2-75 का दिन भी स्वीकृत किया गया था।

3. उक्त कारण बताओ सूचना के प्रति अभी तक कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है और उत्तर देने के लिए निर्धारित अवधि समाप्त हो गई है। इस प्रयोजन के लिए नियत तिथि को व्यक्तिगत सुनवाई के लिए कोई भी उपस्थित नहीं हुआ है।

4. अधोहस्ताक्षरी ने मामले की भली-भांति जांच कर ली है और इस परिणाम पर पहुंचा है कि चूंकि सर्वश्री देव-गण इन्डस्ट्रीज मुकन्द नगर, गाजियाबाद के पास इस मामले में अपने बचाव के लिए कुछ नहीं है, इसलिए उन्होंने उक्त कारण बताओ सूचना के प्रति कोई उत्तर नहीं दिया है और व्यक्तिगत सुनवाई के लिए उपस्थित नहीं हुए हैं।

5. ऊपर की कंडिकाओं में जो कुछ बताया गया है, उसे ध्यान में रखते हुए अधोहस्ताक्षरी संतुष्ट है कि विषयाधीन लाइसेंस रद्द अथवा अप्रभावित किए जाने चाहिए। इसलिए, अधोहस्ताक्षरी यथा संशोधित आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955, दिनांक 7-12-1955 की धारा 9 उप-धारा (ए) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग कर इसके द्वारा उक्त लाइसेंसों को रद्द करता है।

[संख्या डी०सी०सी०आई०एंड ई०/डी-21/ए०एम-75/इन्फ/एन० बी० एन० आर०/ए०यू०/कान]

(Office of the Dy. Chief Controller of Imports & Exports)

ORDER

Kanpur, the 11th November, 1975

S.O. 2241.—The following licences for the import of Ball Bearings etc., non-banned, restricted type were issued to M/s. Dev-Gun-Industries, Mukund Nagar, Ghaziabad.

1. P/S/1763333 dt. 17-8-73 for Rs. 33959.
2. P/S/1763334 dt. 17-8-73 for Rs. 16979.
3. P/S/1763335 dt. 17-8-73 for Rs. 16979.
4. P/S/1763336 dt. 17-8-73 for Rs. 31501.
5. P/S/1763337 dt. 17-8-73 for Rs. 15750.
6. P/S/1763338 dt. 17-8-73 for Rs. 15750.

(2) Thereafter a Show Cause Notice No. DCCI&E/D-21/AM. 75/ENF/NBNR/AU/KAN/7006, dated 13-2-1975 was issued to them asking to show cause within fifteen days of the date of receipt of notice as to why the said licences in their favour should not be cancelled on the ground that the same were issued inadvertently. They were also given 28-2-1975 for personal hearing of their matter.

(3) No reply to the above said notice has been received so far and time stipulated for reply has expired. No one has also appeared for personal hearing on the date fixed for the purpose.

(4) The undersigned has carefully considered the matter and has come to the conclusion that the said M/s. Dev-Gun-Industries, Mukand Nagar, Ghaziabad have not replied to the notice and have not turned up for personal hearings they have no defence to urge in the matter.

(5) Having regard to what has been said in the preceding paragraphs the undersigned is satisfied that the licences in question should be cancelled or otherwise rendered ineffective Therefore, the undersigned in exercise of the powers vested in him under clause 9 sub clause (a) of the Imports (Control) Order, 1955, dated 7-12-1955 as amended hereby cancels the above said licences.

[No. DCCI&E/D-21/AM-75/ENF/NBNR/AU/KAN]

आदेश

का० आ० 2242.—सर्वश्री डीलक्स इन्डस्ट्रीज, 309, जली कोठी, मेरठ सिटी को गैर निषेध गैर-प्रतिबन्धित बाल बेयरिंग आदि के आयात के लिए निम्नलिखित लाइसेंस स्वीकृत किए गए थे—

	दिनांक	मूल्य रुपए
1. पी/एस/1763226	6-8-73	25000
2. पी/एस/1763227	6-8-73	25000
3. पी/एस/1763228	6-8-73	24675
4. पी/एस/1763229	6-8-73	24675

2. तत्पश्चात् उन्हें एक कारण बताओ सूचना संख्या डी०सी०सी० आई०एंड ई/डी-20/ए०एम-75/इन्फ/एन०बी० एन० आर०/ए०यू०/कान/9847/दिनांक 23/24-1-75 यह पूछते हुए जारी की गई थी कि कारण बताओ सूचना की पावती से लेकर 15 दिनों के भीतर कारण बताएं कि उनके नाम में जारी किए गए उक्त लाइसेंसों को क्यों न रद्द कर दिया जाना चाहिए और उन्हें इस आधार पर कि वे भूल से जारी कर दिए गए थे। उन्हें उनके मामले में व्यक्तिगत सुनवाई के लिए दिनांक 13-2-75 का दिन भी स्वीकृत किया गया था।

3. उक्त कारण बताओ सूचना के प्रति अभी तक कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है और उत्तर देने के लिए निर्धारित अवधि समाप्त हो गई है। इस प्रयोजन के लिए नियत तिथि को व्यक्तिगत सुनवाई के लिए कोई भी उपस्थिति नहीं हुआ है।

4. अधोहस्ताक्षरी ने मामले की भली-भांति जांच कर ली है और इस परिणाम पर पहुंचा है कि चूंकि सर्वश्री डीलक्स इन्डस्ट्रीज, 309, जली कोठी मेरठ सिटी के पास इस मामले में अपने बचाव के लिए कुछ नहीं है; इसलिए उन्होंने उक्त कारण बताओ सूचना के प्रति कोई ऊत्तर नही दिया है और व्यक्तिगत सुनवाई के लिए उपस्थित नहीं हुए हैं।

5. ऊपर की कंडिकाओं में जो कुछ बताया गया है, उसे ध्यान में रखते हुए अधोहस्ताक्षरी संतुष्ट है कि विषयाधीन लाइसेंस रद्द अथवा अप्रभावित किए जाने चाहिए। इसलिए, अधोहस्ताक्षरी यथा संशोधित आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 दिनांक 7-12-1955 की धारा 9 उप-धारा (ए) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग कर इस के द्वारा उक्त लाइसेंसों को रद्द करता है।

[संख्या डी० सी० सी० आई० एंड ई०/डी-20/ए० एम०-75/इन्फ/एन० बी० एन० आर०/ए० यू०/कान]

ORDER

S.O. 2242.—The following licences for the import of Ball Bearings etc., non-banned non-restricted type were issued to M/s. Delux Industries 309, Jali Kothi, Meerut City :—

1. P/S/1763226 dt. 6-8-73 for Rs. 25000.
2. P/S/1763227 dt. 6-8-73 for Rs. 25000.
3. P/S/1763228 dt. 6-8-73 for Rs. 24675.
4. P/S/1763229 dt. 6-8-73 for Rs. 24675.

(2) Thereafter a Show Cause Notice No. DCCI&E/D-20/AM-76/ENF/NBNR/AU/KAN/9847, dated 23/24-1-75 was issued to them asking to show cause within fifteen days of the date of receipt of notice as to why the said licences in their favour should not be cancelled on the ground that the same were issued inadvertently. They were also given 13-2-75 for personal hearing of their matter.

(3) No reply to the above said notice has been received so far and time stipulated for reply has expired. No one has also appeared for personal hearing on the date fixed for the purpose.

(4) The undersigned has carefully considered the matter and has come to the conclusion that the said M/s Delux Industries, 309, Jali Kothi, Meerut City have not replied to the notice and have not turned up for personal hearings they have no defence to urge in the matter.

(5) Having regard to what has been said in the preceding paragraphs the undersigned is satisfied that the licences in question should be cancelled or otherwise rendered ineffective. Therefore, the undersigned in exercise of the powers vested in him under clause 9 sub-clause (a) of the Imports (Control) Order, 1955, dated 7-12-1955 as amended hereby cancels the above said licences.

[No. DCCI&E/D-20/AM-75/ENF/NBNR/AU/KAN]

आदेश

का० आ० 2243.—सर्वश्री डिलाइट इन्डस्ट्रीज, दिल्ली रोड़, मेरठ सिटी को गैर निषेध, गैर-प्रतिबंधित बाल बेयरिंग आदि के आयात के लिए निम्नलिखित लाइसेंस स्वीकृत किए गए थे :—

	दिनांक	मूल्य रुपए
1. पी/एस/1763200	3-8-73	33750
2. पी/एस/1763201	3-8-73	16875
3. पी/एस/1763202	3-8-73	16875
4. पी/एस/1763294	14-8-72	44642
5. पी/एस/1763295	14-8-72	22321
6. पी/एस/1763296	14-8-72	22321

2. तत्पश्चात् उन्हें एक कारण बताओ सूचना संख्या डी० सी० सी० आई० एंड ई/डी-19/ए० एम०-75/इन्फ/एन/बी० एन० आर०/ए० यू०/कान/9846, दिनांक 23/24-1-75 यह पूछते हुए जारी की गई थी कि कारण बताओ सूचना की पावती से लेकर 15 दिनों के भीतर कारण बताएं कि उनके नाम में जारी किए गए उक्त लाइसेंसों को क्यों न रद्द कर दिया जाना चाहिए और उन्हें इस आधार पर कि वे भूल से जारी कर दिए गए थे। उन्हें उनके मामले में व्यक्तिगत सुनवाई के लिए दिनांक 13-2-75 का दिन भी स्वीकृति किया गया था।

3. उक्त कारण बताओ सूचना के प्रति अभी तक कोई उत्तर प्राप्त नही हुआ है और उत्तर देने के लिए निर्धारित अवधि समाप्त हो गई है। इस प्रयोजन के लिए नियत तिथि को व्यक्तिगत सुनवाई के लिए कोई भी उपस्थित नही हुआ है।

4. अधोहस्ताक्षरी ने मामले की भली-भांति जांच कर ली है और इस परिणाम पर पहुंचा है कि चूंकि सर्वश्री डिलाइट इन्डस्ट्रीज, दिल्ली रोड, मेरठ सिटी के पास इस मामले में अपने बचाव के लिए कुछ नही है, इसलिए उन्होंने उक्त कारण बताओ सूचना के प्रति कोई उत्तर नही दिया है और व्यक्तिगत सुनवाई के लिए उपस्थित नही हुए हैं।

5. ऊपर की कडिकाओं में जो कुछ बताया गया है, उसे ध्यान में रखते हुए अधोहस्ताक्षरी संतुष्ट है कि विषयाधीन लाइसेंस रद्द अथवा अप्रभावित किए जाने चाहिए। इसलिए अधोहस्ताक्षरी यथा संशोधित आयात नियंत्रण) आदेश, 1955, दिनांक, 7-12-1955 की धारा 9 उप-धारा (ए) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग कर इस के द्वारा उक्त लाइसेंसों को रद्द करता है।

[संख्या:—डी०सी०सी०आई० एंड ई०/डी-19/ए०एम०-75/इन्फ/एन० बी एन० आर०/ए०यू/कान]

ORDER

S.O. 2243.—The following licences for the import of Ball Bearings etc., non-banned, non-restricted type were issued to M/s. Delight Industries, Delhi Road, Meerut City :—

1. P/S/1763200 dt. 3-8-73 for Rs. 33750.
2. P/S/1763201 dt. 3-8-73 for Rs. 16875.
3. P/S/1763202 dt. 3-8-73 for Rs. 16875.

4. P/S/1763294 dt. 14-8-72 for Rs. 44642.
5. P/S/1763295 dt. 14-8-72 for Rs. 22321.
6. P/S/1763296 dt. 14-8-72 for Rs. 22321.

(2) Thereafter a Show Cause Notice No. DCCI&E/D-19/AM-75/ENF/NBNR/AU/KAN/9846, dated 23/24-1-75 was issued to them asking to show cuase within fifteen days of the date of receipt of notice as to why the said licences in their favour should not be cancelled on the ground that the same were issued inadvertently. They were also given 13-2-75 for personal hearing of their matter.

(3) No reply to the above said notice has been received so far and time stipulated for reply has expired. No one has also appeared for personal hearing on the date fixed for the purpose.

(4) The undersigned has carefully considered the matter and has come to the conclusion that the said M/s Delite Industries, Delhi Road, Meerut City, have not replied to the notice and have not turned up for personal hearings they have no defence to urge in the matter.

(5) Having regard to what has been said in the preceding paragraphs the undersigned is satisfied that the licences in question should be cancelled or otherwise rendered ineffective. Therefore, the undersigned in exercise of the powers vested in him under clause 9 sub-clause (a) of the Imports (Control) Order, 1955, dated 7-12-1955 as amended hereby cancels the above said licences.

[No. DCCI&E/D-19/17/AM-75/ENF/NBNR/AU/KAN]

आदेश

का० आ० 2244 — सर्वश्री धीमान इन्जी० वर्क्स, धीमन पुर, शामली मुजफ्फरनगर को गैर-निषेध, गैर-प्रतिबन्धित बाल बेयरिंग आदि के आयात के लिए निम्नलिखित लाइसेंस स्वीकृति किए गए थे :—

	दिनांक	मूल्य रुपए
1. पी/एस/1762460	11-5-73	7500
2. पी/एस/1762461	11-5-73	7500
3. पी/एस/1762462	11-5-73	5000
4. पी/एस/1762463	11-5-73	5000
5. पी/एस/1726464	11-5-73	5000
6 पी०/एस/1762465	11-5-73	5000

2 तत्पश्चात् उन्हें एक कारण बताओ सूचना संख्या डी०सी० आई एंड ई०/डी०-17/ए० एम०-75/इन्फ/एन०बी० एन० आर०/ए० यू०/कान/9845, दिनांक 23/24-1-75 यह पूछते हुए जारी की गई थी कि कारण बताओ सूचना की पावती से लेकर 15 दिनों के भीतर कारण बताएं कि उनके नाम में जारी किए गए उक्त लाइसेंसों को क्यों न रद्द कर दिया जाना चाहिए और उन्हें इस आधार पर कि वे भूल से जारी कर दिए गए थे। उन्हें उनके मामले में व्यक्तिगत सुनवाई के लिए दिनांक 13-2-75 का दिन भी स्वीकृत किया गया था।

3. उक्त कारण बताओ सूचना के प्रति अभी तक कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है और उत्तर देने के लिए निर्धारित अवधि समाप्त हो गई है। इस प्रयोजन के लिए नियत तिथि को व्यक्तिगत सुनवाई के लिए कोई भी उपस्थित नहीं हुआ है।

4 अधोहस्ताक्षरी ने मामले की भली-भांति जांच कर ली है और इस परिणाम पर पहुंचा है कि चूंकि सर्वश्री धीमान इन्जी, वर्क्स धीमनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर के पास इस मामले में अपने बचाव के लिए कुछ नहीं है, इसलिए उन्होंने उक्त कारण बताओ सूचना के प्रति कोई उत्तर नहीं दिया है और व्यक्तिगत सुनवाई के लिए उपस्थित नहीं हुए है।

5. ऊपर की कण्डिकाओं में जो कुछ बताया गया है, उसे ध्यान में रखते हुए अधोहस्ताक्षरी संतुष्ट है कि विषयाधीन लाइसेंस रद्द अथवा अप्रभावित किए जाने चाहिए। इसलिए अधोहस्ताक्षरी यथा संशोधित आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955, दिनांक 7-12-1955 की धारा 9 उप-धारा (ए) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग कर इस के द्वारा उक्त लाइसेंस को रद्द करता है।

[संख्या डी०सी०सी०आई० एंड ई०/डी०-17/ए०एम०-75/इन्फ/एन०बी० एन० आर०/ए० यू०/कान]

ORDER

S.O. 2244.—The following licences for the import of Ball Bearings etc., N.B.N.R. were issued to M/s. Dhiman Engg. Works Dhiman Pura, Sharli, Muzaffarnagar :—

1. P/S/1762460 dt. 11-5-73 for Rs. 7500.
2. P/S/1762461 dt. 11-5-73 for Rs 7500.
3. P/S/1762462 dt. 11-5-73 for Rs. 5000.
4. P/S/1762463 dt. 11-5-73 for Rs. 5000.
5. P/S/1762464 dt. 11-5-73 for Rs. 5000.
6. P/S/1762465 dt. 11-5-73 for Rs. 5000.

(2) Thereafter a Show Cause Notice No. DCCI&E/D-17/AM-75/ENF/NBNR/AU/KAN/9845, Dated 23/24-1-75 was issued to them asking to show cause within fifteen days of the date of receipt of notice as to why the said licences in their favour should not be cancelled on the ground that the same were issued inadvertently. They were also given 13-2-75 for personal hearing of their matter.

(3) No reply to the above said notice has been received so far and time stipulated for reply has expired. No one has also appeared for personal hearing on the date fixed for the purpose.

(4) The undersigned has carefully considered the matter and has come to the conclusion that the said M/s. Dhiman Engg. Works, Muzaffarnagar have not replied to the notice and have not turned up for personal hearings they have no defence to urge in the matter.

(5) Having regard to what has been said in the preceding paragraphs the undersigned is satisfied that the licences in question should be cancelled or otherwise rendered ineffective. Therefore, the undersigned in exercise of the powers vested in him under clause 9 sub-clause (a) of the Imports (Control) Order, 1955 dated 7-12-1955 as amended hereby cancels the above said licences.

[No. DCCI&E/D-17/AM-75/ENF/NBNR/AU/KAN]

आदेश

का० आ० 2245.—सर्वश्री डीलक्स इन्जी० कं०, पटेल मार्ग, गाजियाबाद को गैर निषेध गैर-प्रतिबन्धित बाल बेयरिंग आदि के आयात के लिए निम्नलिखित लाइसेंस स्वीकृत किए गए थे :—

	दिनांक	मूल्य रुपए
1. पी/एस/1760607	25-1-73	26960
2 पी/एस/1760608	25-1-73	13480
3 पी/एस/1760609	25-1-73	13480
4. पी/एस/1760610	25-1-73	19730
5 पी/एस/1760611	25-1-73	19730
6 पी/एस/1760612	25-1-73	16888
7 पी/एस/1760613	25-1-73	16888

2. तत्पश्चात् उन्हें एक कारण बताओ सूचना संख्या डी० सी० सी० आई०एंड ई/डी-15/ ए० एम० -76 इन्फ/एन० बी० एन० आर०/ए० यू०/कान/7737 दिनांक 20-1-75, यह पूछते हुए जारी की गई थी कि कारण बताओ सूचना की पावती से लेकर 15 दिनों के भीतर

